पंजीकृत

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग अल्मोड़ा

*Office of the Executive Engineer , PWD, Almora Uttarakhand*

**Phone/ Fax:- 05962-23003 E-mail:eepdalmora@rediff.com**

**Web-http://govt.ua.nic.in/pwd**

पत्रांक 1353 /7 सी0 दिनांक 23 जून 2021

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
नैनीताल वन प्रभाग,
नैनीताल।

विषयः **जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र जागेश्वर के अन्तर्गत पूनागढ–नाटाडोल मोटर मार्ग से सैम मन्दिर से नौली तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.547 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन। (प्रस्ताव सं0 15502/2015)**

संदर्भः– आपका ई0डी0एस0 01.04.2021 एवं भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु, परिवर्तन मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून के पत्र सं0 8बी0/यू0सी0पी0/06/54/2021/एफ0सी0/2590 दिनॉक 31.03.2021

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि प्रस्तावित मोटर मार्ग से जिन ग्रामों को संयोजित किया जाना है वह क्षेत्र में फल, सब्जियॉ का उत्पादन प्रचुर मात्रा में होता है। ग्रामवासियों को फल सब्जियों को मुख्य मोटर मार्ग तक ले जाने में अत्यधिक धनराशि व्यय हो जाती है तथा मंडी में फल सब्जियों का उचित मूल्यांकन न हो पाने के कारण काश्तकारों को उत्पाद विक्रय करने पर उचित लाभ प्राप्त नहीं हो पाता है। उक्त मोटर मार्ग के बन जाने से ग्रामवासियों को उत्पादों को मंडी तक पहुँचाने में अत्यधिक सुविधा प्राप्त होगी तथा ग्रामवासिंयों को उत्पादों के उचित विक्रय मूल्य प्राप्त होगा। इसके अतिरिक्त प्रस्तावित मोटर मार्ग से पौराणिक सैम मन्दिर भी जुड़ जायेगा जिससे पर्यटन बड़ेगा तथा ग्रामवासियों हेतु अन्य रोजगार के मार्ग भी प्रशस्त होंगे। उक्त स्थितियों को देखते हुये मार्ग बनाया जाना आवश्यकीय है। मार्ग की के0एम0एल0 फाईल पार्ट । के सी0 सैक्शन में अपलोड कर ली गयी है।

अतः अनुरोध है कि विषयक प्रकरण में अपने स्तर से अग्रेत्तर आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें।

भवदीय,
22.6.21

अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
अल्मोड़ा।

पत्रांकः– /7 सी0 तद्दिनॉक

**प्रतिलिपिः**–सहायक अभियंता(तृतीय), प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, अल्मोड़ा को उनके द्वारा दी गयी आख्या के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
अल्मोड़ा।